चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 5 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 134, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 7 : BOTTOM**

# एसआरएमएस आईपीएस ने जीती इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूर्नामेंट ट्राफी




ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** एसआरएमएस आईपीएस (इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल) की टीम ने एसआरएमएस सीईटी (कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) को 39 रन से हराकर एसआरएमएस इंटर ट्रस्ट क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियन की ट्राफी अपने नाम कर ली।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे इस टूर्नामेंट में शुक्रवार को फाइनल मैच हुआ। सीईटी के कप्तान रोहित गंगवार ने टास जीत कर आईपीएस को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आईपीएस ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीईटी की टीम 18.2 ओवर में 110 रन ही बना सकी। आईपीएस ने 39 रन से फाइनल जीत लिया। चार विकेट लेने वाले आईपीएस के गेंदबाज फरमान मैन आफ द मैच, टूर्नामेंट के चार मैच में 85 रन बनाने के साथ 9 विकेट लेने वाले सीईटी के खिलाड़ी सूर्य प्रताप सिंह मैन आफ द टूर्नामेंट रहे। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, आईएमएस के प्रिंसिपल डा.एमएस बुटोला ने आईपीएस के कप्तान कैफ को चैंपियन ट्राफी प्रदान की। आईपीएस की प्रिंसिपल डा.जसप्रीत कौर, डा.सोवन मोहंती, डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. शिवांग चौधरी, कोच मनीष सिंह, अनुज शर्मा, यूसुफ अंसारी, नितिन सक्सेना, शंकरपाल आदि मौजूद रहे।